● पटना, दिल्ली व कोलकाता से एक साथ प्रसारित ● E-mail- bordernewsmirror@gmail.com ● Website- bordernewsmirror.com



BORDERNEWSMIRROR BNM to the point...

पटना
मंगलवार, 28 जून 2022
वर्ष: 03, अंक: 398,
पृष्ठ: 10, मूल्य: 5 रूपए

दैनिक
# बॉर्डर न्यूज मिरर
द्विभाषिक समाचार पत्र ...खबरों से समझौता नहीं



विप में अग्निपथ योजना के विरोध में एक साथ खड़ा हुआ विपक्ष 02 | बयान दर्ज कराने ED ऑफिस पहुंची जैकलीन फर्नांडीज 04

## मनी लॉनड्रिंग: दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ी

**बीएनएम@नई दिल्ली**

दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है। सत्येन्द्र जैन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश किया गया।सत्येंद्र जैन की न्यायिक हिरासत की अवधि आज खत्म हो रही थी।

सत्येंद्र जैन की तबीयत खराब होने की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था। सत्येंद्र जैन को अस्पताल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश किया गया। 18 जून को कोर्ट ने सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। 13 जून को कोर्ट ने सत्येन्द्र जैन को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।सत्येन्द्र जैन को 30 मई को गिरफ्तार किया गया था। जैन की पेशी के दौरान ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि कैश दिल्ली में दिया गया। ये कैश कोलकाता में हवाला के जरिये एंट्री आपरेटर्स तक पहुंची। ये एंट्री आपरेटर्स कंपनियों में शेयर खरीद कर निवेश करते थे। ये फर्जी कंपनियां थी। इन फर्जी कंपनियों में निवेश कर काला धन को सफेद बनाया जा रहा था। पैसों से जमीन खरीदने का काम किया गया। प्रयास नामक एनजीओ के जरिये कृषि भूमि खरीदी गई।

## कुलगाम जिले के नौपोरा में मुठभेड़, दो आतंकी ढेर



**बीएनएम@कुलगाम।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के नौपोरा-खेरपोरा इलाके में सोमवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो आतंकियों को मार गिराया। क्षेत्र में सुरक्षाबलों का अभियान जारी है। कुलगाम जिले के नौपोरा-खेरपोरा इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की एक संयुक्त टीम ने पूरे इलाके की घेराबंदी करके तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

**तलाशी अभियान के दौरान क्षेत्र में छिपे आतंकियों ने सुरक्षाबलों को पास आते देखकर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। मारे गए आतंकियों की फिलहाल पहचान नहीं हो पाई है। क्षेत्र में सुरक्षाबलों का अभियान जारी है।**

विशेष समाचार

## राष्ट्रपति चुनाव दो व्यक्तियों की नहीं बल्कि दो विचारधाराओं की लड़ाई: राहुल गांधी



**बीएनएम@नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि राष्ट्रपति का चुनाव दो व्यक्तियों के बीच नहीं बल्कि दो अलग विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है।राहुल गांधी ने सोमवार को राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के नामांकन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि ये दो अलग-अलग विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ नफरत है और एक तरफ भाईचारा और देश की भावना है। पूरा विपक्ष राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के साथ खड़ा है।इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्ष की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के पास 17 दलों का समर्थन है। इस लिए सिन्हा और सत्ता पक्ष के उम्मीदवार के उम्मीदवार के बीच कांटे की टक्कर रहेगी।उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने आज नामांकन दाखिल किया।

इस अवसर पर उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार समेत विभिन्न विपक्षी दलों के प्रमुख नेता उपस्थित रहे। संसद भवन स्थित राज्यसभा सचिवालय में महासचिव पीसी मोदी के समक्ष सिन्हा ने अपना नामांकन दाखिल किया।

### जी–7 में दिखा पीएम नरेन्द्र मोदी का जलवा,राष्ट्राध्यक्षों ने साथ में खिंचवाई फोटो

# फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ की चाय-पर-चर्चा

**"मैं आज जी–7 शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा जिसमें हम विभिन्न महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे: मोदी**

**बीएनएम@नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जर्मनी के एल्माउ में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। यहां पीएम नरेंद्र मोदी का जलवा देखने को मिल रहा है। उनके दौरे की कई तस्वीरें सामने आई हैं।

शिखर सम्मेलन के दौरान कई ऐसे पल भी आए जिनको भारत के बढते कद के रूप में देखा जा रहा है। इस दौरान ऐसा भी देखने को मिला जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन पीएम मोदी से हाथ मिलाने के लिए उनके पीछे-पीछे दौड़े आए। पीएम मोदी ने भी बेहद गर्मजोशी के साथ उनसे हाथ मिलाया।

इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जर्मनी के श्लॉस एल्माऊ में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ चाय पर चर्चा करते भी नजर आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जर्मनी के एल्माऊ में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। यहां जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद जी-7 के सदस्य और मेहमान देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने साथ में फोटो भी खिंचवाईं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने जलवायु, ऊर्जा और स्वास्थ्य पर G-7 के सत्र में हरित विकास, स्वच्छ ऊर्जा, सतत जीवन शैली और वैश्विक भलाई के लिए भारत के प्रयासों पर प्रकाश डाला।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने जलवायु, ऊर्जा और स्वास्थ्य पर G-7 के सत्र में हरित विकास, स्वच्छ ऊर्जा, सतत जीवन शैली और वैश्विक भलाई के लिए भारत के प्रयासों पर प्रकाश डाला। जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने अर्जेंटीना कओ राष्ट्रपति के साथ म्यूनिख में बातचीत की।

चुनाव

### नामांकन पत्रों के चार सेट राज्यसभा महासचिव पीसी मोदी को सौंपे

## राष्ट्रपति चुनाव: यशवंत सिन्हा ने दाखिल किया नामांकन

**बीएनएम@नई दिल्ली**

राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर उनके साथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार समेत विभिन्न विपक्षी दलों के प्रमुख नेता उपस्थित रहे।संसद भवन स्थित राज्यसभा सचिवालय में महासचिव पीसी मोदी के समक्ष सिन्हा ने अपना नामांकन दाखिल किया।

उन्होंने नामांकन पत्रों के चार सेट राज्यसभा महासचिव पीसी मोदी को सौंपे। मोदी राष्ट्रपति चुनाव में पीठासीन अधिकारी हैं।केंद्र सरकार में वित्त और विदेश मंत्री रहे सिन्हा के नामांकन के अवसर पर कांग्रेस के



पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, एनसीपी प्रमुख शरद पवार, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश, पूर्व केंद्रीय मंत्री सिन्हा के नामांकन दाखिल करने के मौके पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार,

**सिन्हा का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू से है। मुर्मू ने गत 24 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और एनडीए के घटक दलों के प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया था।**

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेशनल कांफ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, डीएमके के वरिष्ठ नेता ए. राजा, समेत विभिन्न विपक्षी दलों के प्रमुख नेता शामिल रहे। विपक्षी दलों ने सिन्हा को गत 21 जून को अपना संयुक्त उम्मीदवार घोषित किया था।राष्ट्रपति चुनाव के लिए 18 जुलाई को मतदान होना है और मतगणना 21 जुलाई को होगी।

## पूर्वोत्तर के बाढ़ ग्रस्त राज्यों में मुफ्त में राहत सामग्री पहुंचाएगा रेलवे

**बीएनएम@नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर के राज्यों की मदद के लिए देश के किसी भी हिस्से से यहां के लिए सभी प्रकार के माल ढुलाई शुल्क माफ कर दिए गए हैं। साथ ही राहत सामग्री के परिवहन के लिए कोई सहायक शुल्क जैसे विलंब शुल्क या अन्य शुल्क नहीं लिया जाएगा।

पूर्वोत्तर के बाढ़ ग्रस्त राज्यों में रेलवे सभी राहत सामग्री मुफ्त में पहुंचाएगा। रेलवे अधिकारियों ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। गौरतलब है कि पूर्वोत्तर के राज्यों जैसे मेघालय और असम आदि में मानसूनी बारिश मुसीबत बनकर आई है। बारिश के कारण यहां नदियों में बाढ़ आ गई है, जिसके कारण जन-जीवन अस्तव्यस्त हो गया है।

संक्षिप्त समाचार

## सड़क हादसे में पुलिस सब इंस्पेक्टर की मौत

**बेगूसराय।** राष्ट्रीय उच्च पथ फोरलेन के बरौनी थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन से कुचलकर पुलिस सब इंस्पेक्टर की मौत हो गई। घटना बरौनी थाना क्षेत्र के जीरोमाइल सहायक थाना क्षेत्र स्थित खाद कारखाना के उर्वरक नगर टाउनशिप गेट नंबर-दो के सामने की है। मृतक सब इंस्पेक्टर राम अवधेश सिंह भभुआ जिला के मोहनिया थाना क्षेत्र स्थित नूरपुरवा सोनडीह निवासी सखराज सिंह के पुत्र थे।राम अवधेश सिंह खगड़िया जिला में तथा वर्तमान में उनकी ड्यूटी जिला सूचना शाखा में लगी हुई थी।राम अवधेश सिंह सोमवार को विभागीय कार्य से उर्वरक नगर स्थित पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) कार्यालय आए थे। वहां से डीआईजी कार्यालय से वापस लौटने के दौरान एनएच-31 फोरलेन पर वाहन की ठोकर से की मौके पर ही मौत हो गई।

# विप में अग्निपथ योजना के विरोध में एक साथ खड़ा हुआ विपक्ष




**पटना, संवाददाता**

केंद्र की अग्निपथ योजना को विपक्ष मुख्य मुद्दा बना रही है। सोमवार को मानसून सत्र के दूसरे दिन विधानसभा के बाद विधान परिषद में भी इसे लेकर विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। विधान परिषद की कार्यवाही जैसे ही दोपहर 12:00 बजे शुरू हुई विपक्ष के सदस्यों ने अग्निपथ योजना पर कार्यस्थगन की सूचना सदन में दी।

इसके बाद कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सदन में प्रश्नोत्तर काल चलाने की कोशिश की लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के साथ विपक्षी दल के सदस्य उठकर खड़े हो गये और विपक्ष ने केंद्र सरकार की इस योजना को लेकर सदन में चर्चा की मांग की। खास बात यह रही कि विधान परिषद में राजद के सदस्यों की संख्या ज्यादा थी।

स्थानीय निकाय कोटे से सदन में जीतकर पहुंचे सदस्यों और विधानसभा कोटे से पहुंचे नए सदस्यों की मौजूदगी में राजद ने अपनी ताकत का एहसास कराया। राजद लगातार इस मसले पर सदन में चर्चा की मांग करती रही।

## विधायक गोपाल मंडल और विधायक इंजीनियर शैलेंद्र के बीच छिड़ी जुबानी





**जंगभागलपुर।** जदयू के गोपालपुर विधायक गोपाल मंडल अपने बड़बोले के लिए चर्चित रहते हैं। उन्होंने बिहपुर विधायक इंजीनियर शैलेंद्र के ऊपर टिप्पणी करते हुए उन्हे नौटंकीबाज करार दिया था।

इस बयान पर जदयू के बड़बोले विधायक गोपाल मंडल और भाजपा विधायक इंजीनियर शैलेंद्र के बीच घमासान शुरू हो गया है।उल्लेखनीय है कि बीते दिनों कटाव पीड़ितों ने बिहपुर के भाजपा विधायक इंजीनियर शैलेंद्र को बंधक बनाए जाने को लेकर गोपाल मंडल ने इंजीनियर शैलेंद्र नाटकबाज कहा था। उन्होंने कहा था कि सुरक्षा बढ़ाने को लेकर इस तरह का नाटक करते हैं।

अगर वह हमें कहे तब हम उन्हें सुरक्षा और दिलवा देंगे। उधर गोपालपुर के विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल का बयान सामने आने के बाद भाजपा के बिहपुर विधायक ई. कुमार शैलेन्द्र ने एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि गोपालपुर विधायक खुद नौटंकीबाज हैं। वे स्टेज पर किसके साथ नौटंकी करते हैं। यह किसी से छिपा नहीं है। वे अपने जायदाद के लिये नौटंकी करते हैं।

## अग्निपथ योजना की भेंट चढ़ा मानसून सत्र, सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित




**पटना, संवाददता।**

बिहार विधान परिषद का मानसून सत्र का दूसरा दिन केन्द्र सरकार के अग्निपथ योजना की भेंट चढ़ गया। सोमवार को भोजन अवकाश के बाद भी विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने दोबारा हंगामा करना शुरू कर दिया। विपक्षी सदस्य वेल में आ गए और अग्निपथ योजना पर सदन में बहस की मांग करते हुए प्रदर्शन करने लगे।

विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा ने विपक्ष के विधायकों को उन्हें अपने स्थान पर बैठने को कहा लेकिन लेकिन जब विपक्ष वापस नहीं लौटा तो आखिरकार हंगामे के बीच ही सरकार की तरफ से पेश किया गया विधेयक पास करा दिया गया। विपक्ष के लगातार हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही को मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। विधान परिषद के पोर्टिको में भी विपक्ष ने हंगामा और नारेबाजी की।अग्निपथ योजना को युवाओं के हित में बताते हुए सदन स्थगन के बाद बिहार सरकार के मंत्री शहनवाज हुसैन ने कहा कि यह योजना युवाओं के हित में लायी गयी है। विपक्ष खासकर राजद इस पर राजनीति कर रही है। राजद युवाओं के कंधे से इस योजना पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के विरोध में हिंसक प्रदर्शन हुआ था। इसमें राजद के लोग शामिल थे, जिन्हें जेल भेज गया है।

राजद उसे छोड़ाने कि लिए सदन में हंगामा कर रही है।अग्निपथ योजना को लेकर विधान परिषद में विपक्ष के हंगामे पर जदयू एमएलसी नीरज कुमार ने कहा कि राजद नेता अपने राजनीतिक नेता की चरणवंदना के सिवाय कुछ भी नहीं है।पहली पाली में नियमण को स्वीकार करने के बाद दूसरी पाली में क्यों नहीं सदन चलने दिया यह राजद के नेताओं ही बताएंगे।

उन्होंने कहा कि इस हंगामे पर सभापति को कहना पड़ा कि यह आसन का अपमान है। फिर भी विपक्ष को उनकी बात समझ में नहीं आयी है।

# कामयाबी: बिहार को मिलेगा इस वर्ष का राष्ट्रीय एमएसएमई अवार्ड: शाहनवाज हुसैन

**उद्योग क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ते बिहार ने इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी कामयाबी हॉसिल की है।**

**पटना, संवाददाता**



प्रदेश के उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में बिहार में छोटे-बड़े उद्योगों की स्थापना और राज्य में उद्योगों के विकास के लिए बेहतरीन माहौल तैयार करने के लिए बेइन्तहा कोशिशें की गयी है। उद्योग क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ते बिहार ने इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी कामयाबी हासिल की है।

बिहार को राष्ट्रीय एमएसएमई अवार्ड -2022 के लिए चुना गया है।मंत्री शाहनवाज सोमवार को यहां पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के औद्योगिकीकरण की इन कोशिशों में युवाओं को भी बड़ा भागीदार बनाने के लिए मुख्यमंत्री उद्यमी योजनाओं का चयन किया गया, जिन्हें कुल 10 लाख रुपये की रकम (5 लाख अनुदान और 5 लाख मामूली ब्याज पर ऋण) दिया जा रहा है। उन्होंने कि इस वर्ष राष्ट्रीय एमएसएमई अवार्ड-2022 के लिए बिहार को भी चुना गया है। यह अवार्ड 30 जून, 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र के हाथों से दिया जाएगा। बिहार को राज्य और संघ शासित प्रदेशों में एमएसएमई सेक्टर के प्रोत्साहन और विकास के लिए किये गये उत्कृष्ट कार्यों की कैटेगरी में द्वितीय पुरस्कार के लिए चुना गया है। मंत्री हुसैन ने लघु, सूक्ष्म और मध्यम दर्जे के उद्योगों को आगे बढ़ाने की दिशा में किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिये जाने वाले राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार के लिए बिहार के चयन पर खुशी जाहिर जताई है।उन्होंने कहा कि औद्योगीकरण की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहे बिहार के लिए यह अवार्ड बहुत बड़ा प्रोत्साहन है। बिहार के औद्योगीकरण का पूरा दारोमदार एमएसएमई सेक्टर पर है। बिहार में पिछले डेढ़ साल में जो करीब 36 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आये हैं, उनमे से ज्यादातर एमएसएमई सेक्टर के दायरे में आते हैं।

## लगातार सातवीं बार बिहार इंटक के अध्यक्ष बनाये गये चंद्र प्रकाश सिंह

**पटना।** चंद्र प्रकाश सिंह को लगातार सातवीं बार बिहार इंटक का अध्यक्ष चुना गया।सोमवार को बिहार इंटक का त्रैवार्षिक अधिवेशन में सर्वसम्मति से उन्हें इंटक का अध्यक्ष चुना गया। सम्मेलन में नौ प्रस्ताव श्रमिक हितों में पारित किये गये।मौके पर चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजदूरों की समस्याओं के साथ जुड़ना चाहिए और मजदूरों के लिए लाए गए चार काले कानूनों को वापस लेने के लिए मजदूर आंदोलन को देश में मजबूती से तेज करना चाहिए।बिहार प्रभारी भक्त चरण दास ने कहा कि इंटक प्रतिनिधियों को कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर मदद करेगी और संगठनात्मक भागीदारी भी सुनिश्चित करेगी।तारिक अनवर ने कहा कि बिहार में इंटक की उपस्थिति विभिन्न जिलाओं में है और उन्हें कांग्रेस के साथ जोड़ना जरूरी है।

## CM नीतीश से करीबी पूछने पर भड़के RCP सिंह

**जमुई।** केंद्रीय इस्पात मंत्री और जेडीयू के नेता आ.सी.पी. सिंह एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रविवार को जमुई पहुंचे थे। यहां पत्रकारों के द्वारा कभी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से निकट होने के पूछे सवाल पर आर.सी.पी सिंह भड़क गए। उन्होंने कहा कि वो किसी के हनुमान नहीं हैं। उनका नाम रामचंद्र प्रसाद है।

यह कहने पर कि जिस तरह चिराग पासवान खुद को बीजेपी का हनुमान कहते थे, उसी तरह आपको नीतीश कुमार का हनुमान कहा जाता था इस पर भड़कते हुए आर।सी.पी सिंह ने कहा कि वो हनुमान नहीं हैं, उनका नाम रामचंद्र है। केंद्रीय मंत्री ने अपनी बात को दोहराते हुए कहा कि वो किसी के हनुमान नहीं, वो रामचंद्र हैं। सीएम नीतीश कुमार से यह बेरुखी क्यों? यह पूछने पर आर।सी.पी सिंह ने कहा कि यह आप लोग जानें, मुझे मालूम नहीं।

## पर्ल्स के छोटे निवेशकर्ता को सेबी के तरफ से मैचूरिटी रकम देने की तैयारी

**पटना, संवाददाता**




अगर आपने भी पीएसीएल इंडिया लिमिटेड की निवेश योजना पर्ल्स में निवेश किया है तो ये खबर आपके लिए बहुत जरूरी है। मार्केट रेगुलेटर सेबी की तरफ से निवेशकों के लिए एक तारीख डक्लियर की गई है।

दरअसल, मार्केट रेगुलेटर SEBI ही आपका रिफंड दिला रहा है। अगर आप भी इसके निवेशक हैं तो अलर्ट हो जाएं।

सेबी की तरफ से यह जानकारी दी गई है कि पर्ल्स में नविश करने वाले निवेशक 30 जून, 2022 तक क्लेम फाइल कर सकते हैं। सेबी ने कहा है कि रफिंड क्लेम करने के लिए निवेशकों को ओरिजनल डॉक्यूमेंट्स जमा करने होंगे। अगर आप खुद नविशक हैं तो आप अपना डॉक्यूमेंट्स तभी सब्मटि करें, जब आपको अपने नंबर पर SMS मिले। सेबी की तरफ से दे गई जानकारी के अनुसार, रिफंड विंडो केवल उन्हीं निवेशकों के लिए खुली है जिनकी क्लेम राशि 10001 रुपये से 15000 रुपये तक है। इनकी एप्लीकेशन भी वेरिफाइड हो चुकी है। इसी के साथ आपको बता दें कि SEBI ने अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि निवेशक पर्ल्स योजना में निवेश के दस्तावेज कसिी को न दें। सभी निवेशक 30 जून 2022 से पहले अपना क्लेम रजिस्टर कर दें।

पर्ल्स के जिन नविशकों को वेरिफिकेशन के बाद SMS भेजा गया है बस वाही निवेशक रिफंड के लिए क्लेम कर सकते हैं।

# अग्निपथ योजना के विरोध में कांग्रेस ने कहा- वर्तमान समय में अघोषित इमरजेंसी




बीएनएम@पटना

पटना। बिहार विधान मंडल के मानसून सत्र के दूसरे दिन कांग्रेस के विधायकों ने विधानसभा परिसर में अग्निपथ योजना के विरोध में कुछ अलग ढ़ंग से प्रदर्शन किया। कांग्रेस विधायक पोर्टिको में काली पट्टी बांधे और हाथों में बैनर पोस्टर लिये खड़े होकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस विधायक दल के नेता अजीत शर्मा समेत कई विधायक ने हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर विधानसभा के दरवाजे पर अग्निपथ योजना के विरोध में प्रदर्शन किया और इस योजना को युवा विरोधी बताया। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर मौजूद कांग्रेस विधायक शकील अहमद खान ने बताया कि जिस तरह से कृषि कानून को भारी विरोध के चलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वापस लिया था। ठीक उसी तरह अग्निपथ योजना को भी केन्द्र सरकार को वापस लेना ही होगा। उन्होंने कहा कि देश में मौजूदा वक्त में अघोषित इमरजेंसी लागू है। हिन्दुस्तान के लोगों का विरोध करना भी सरकार को गलत लगता है। कांग्रेस के विधान परिषद के सदस्य प्रेमचंद्र मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार को इस मानसून सत्र में ही केन्द्र की अग्निपथ योजना का खुलकर विरोध करना चाहिए। क्योंकि यह देश के युवाओं के हित वाली योजना नहीं है। आज युवा परेशान हैं, देश में बेरोजगारी है और ऐसे हालात में अग्निपथ जैसी युवा विरोधी योजनाओं को लागू करना सरासर गलत है। कांग्रेस इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी। जब तक केन्द्र सरकार इसे वापस नहीं लेगी तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे। राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर सोमवार को जिले के फतेहपुर प्रखंड मुख्यालय पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष बालमुकुंद पांडेय की अध्यक्षता में एक दिवसीय सत्याग्रह धरना-प्रदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने संबोधन में कहा कि सरकार द्वारा लाए गए अग्निपथ नियमावली देश के नव युवकों के लिए ठीक नही है। केंद्र सरकार योजना को वापस ले। कांग्रेस कमेटी देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। सरकार मांग को पूरा नहीं करेगी तो कांग्रेस कमेटी द्वारा आंदोलन जारी रहेगा। धरना खत्म कर कमेटी मांग पत्र बीडीओ को सौंपा।

## NEWS IN BRIEF

### विवाहिता को ससुराल वालों ने गला दबाकर मारा

सीवान। जिले के मैरवा थाना क्षेत्र के छोटकी बभनौली गांव से एक विवाहिता की हत्या ससुराल वालों ने गला दबाकर कर दी। प्राप्त सूचना के अनुसार ससुराल वालों ने हत्या के बाद शव को कमरे के अंदर बंद कर बाहर से कुंडी लगाकर फरार हो गये । अनुमान के अनुसार घटना का अंजाम रविवार को दी गई लेकिन लोगों को इसकी जानकारी सोमवार को अहले सुबह मिली ।मृत विवाहिता मैरवा थाना क्षेत्र के छोटकी बभनौली गांव की कलामुद्दीन अंसारी की 26 वर्षीय पत्नी है । इधर घटना की जानकारी के बाद सोमवार को सुबह मैरवा थाने की पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सीवान सदर अस्पताल भेज दिया है । उल्लेखनीय हो कि यूपी के देवरिया जिले के बनकटा थाना अंतर्गत ईगुरी लाला के टोला निवासी शौकत अंसारी की पुत्री की शादी मैरवा थाना क्षेत्र के छोटकी बभनौली गांव निवासी करामतुल्लाह अंसारी के पुत्र कलामुद्दीन अंसारी के साथ 12 अप्रैल 2018 को मुस्लिम रीति रिवाज के साथ सभी के मंजूरी से संपन्न हुई थी । मृतका के पति कलामुद्दीन अंसारी सऊदी अरब में रहकर नौकरी करते है।

मृतका के परिवार को घटना की जानकारी मुंबई में रहने वाले पड़ोसी ने घटना से संबंधित पूरी जानकारी फोन के माध्यम से दी । जिसके बाद मृतका की मां आसमा खातून अपने परिवार के लोगों के साथ रोती-बिलखती हुई सोमवार की सुबह मैरवा पहुंची और अपनी पुत्री को आगोश में लेकर विलाप करने लगी । मृतका की मां आसमा खातून ने बताया कि उनकी पुत्री को पिछले कई माह से उनके ससुराल वालों के द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था । सभी मिलकर दहेज के लिए उसको हमेशा मारते पीटते थे ।

## नौ लीटर विदेशी शराब के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार

बीएनएम@किशगनंज

किशगनंज। सदर थाना की पुलिस ने सोमवार को शहर के फरिंगगोला से गुप्त सूचना पर छापेमारी करते हुए 9 लीटर विदेशी शराब जब्त किया है जिसमे दो को गिरफ़्तार किया है। सदर थानाध्यक्ष अमर प्रसाद सिंह ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि फरिंगगोला में आकाश चौहान और फिरोज शराब का कारोबार करता है। सूचना मिलते ही सदर थानाध्यक्ष अमर प्रसाद सिंह के नेतृत्व एएसआई संजय कुमार यादव व पुलिस बल ने छापेमारी कर आकाश चौहान और मो फिरोज़ को 9 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी ने कुछ शराब कारोबारी व स्मैक तस्कर का नाम बताया है जिसे पुलिस जल्द गिरफ्तार कर लेगी।

## यूपी लोकसभा की दोनों सीटों पर मिली जीत, अग्निपथ स्कीम पर मुहर : प्रमोद

बीएनएम@पटना

पटना। बिहार विधानमंडल में मॉनसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को अग्निपथ योजना पर विरोध को लेकर भाजपा कोटे से कानून मंत्री प्रमोद कुमार ने निराशा जताते हुए कहा कि कई देशों में सशस्त्र बलों के निचले रैंकों में संविदा भर्ती की प्रणाली को अपनाया गया है। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ और रामपुर के लोकसभा चुनाव में मिली जीत ने यह साबित कर दिया कि जनता अग्निपथ के पक्ष में है। हमारी पार्टी ने वहां बड़ी जीत हासिल की है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि ऐसा क्यों है कि बिहार हिंसक विरोधों की चपेट में है, जबकि कई अन्य राज्य जहां आबादी का एक बड़ा हिस्सा सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए है वे इस तरह की हिंसा से अछूते रहे हैं ? अग्निपथ स्कीम वापस नहीं ली जायेगी। आज बिहार विधानसभा मानसून सत्र का दूसरा दिन है। आज सत्र की शुरुआत हंगामे के साथ हुई। कांग्रेस विधायकों ने सदन शुरू होने से पहले अग्निपथ योजना का विरोध शुरू कर दिया। कांग्रेस विधायक के हाथों में पोस्टर लिए सदन के बाहर हंगामा कर अग्निपथ योजना को वापस करने की मांग करने लगे। कांग्रेस विधायक शकील अहमद खान ने एक पोस्टर दिखाते हुए कहा कि जो देश के लिए जान कुर्बान करने के लिए तैयार है उन्हें मोदी सरकार गद्दार साबित कर रही है। बिहार विधानसभा मानसून सत्र का दूसरा दिन है। सत्र की शुरुआत हंगामे के साथ हुई।

## प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को ग्रामीण महिलाओं ने बनाया बंधक

बीएनएम@

भागलपुर। जिले के सुलतानगंज के भीरखुर्द पंचायत में सोमवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रेखा भारती उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उधाडीह का निरीक्षण करने पहुंची। इसकी खबर ग्रामीणों को मिलने पर भीरखुर्द पंचायत के ग्रामीण महिला एकजुट होकर विद्यालय पहुचकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रेखा भारती को बंधक बना लिया। ग्रामीण महिलाओं ने ग्रामीण शिक्षकों का स्थानांतरण को लेकर जमकर हंगामा किया। महिलाओं का कहना है कि जबतक ग्रामीण शिक्षक का स्थानांतरण नहीं होगा तबतक आपको विद्यालय में बंधक बनाए रखेंगे। उधर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रेखा भारती ने इसकी सूचना बीडीओ मनोज कुमार मुर्मू, सीओ शंभुशरण राय और थानाध्यक्ष लाल बहादुर को दी। सूचना मिलने पर पहुंचे अधिकारी और पुलिस ने ग्रामीण महिलाओं को समझा बुझाकर मामला को शांत कराते हुए ग्रामीण महिलाओं को ग्रामीण शिक्षक के स्थानांतरण का स्थानांतरण का आश्वासन देने के बाद प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रेखा भारती को ग्रामीण महिलाओं के चंगुल से छुड़ाया गया।




## पुत्र की चाहत में पति ने की पत्नी की हत्या



बीएनएम@नवादा

नवादा। जिले में पकरीबरावां थाना क्षेत्र के छोटी गुलनी गांव में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां बेटे की चाहत में पति ने सोमवार को अपनी ही पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद मृतिका के परिजनों में कोहराम मच गया है। इस मामले को लेकर मृतिका के भाई ने बताया कि बहन को तीन पुत्री हुई और पुत्र नहीं होने पर पति सहित ससुराल वाले लगातार मेरी बहन को प्रताड़ित करने लगे। पुलिस के मुताबिक गोविंदपुर थाना क्षेत्र के सरकंडा गांव के निवासी रामजी यादव की पुत्री 35 वर्षीय आशा देवी की शादी पकरीबरावां थाना क्षेत्र के गुलनी गांव के निवासी सहदेव यादव के पुत्र सत्येंद्र यादव से 2006 में हुई थी। तीन बेटी होने के बाद लगातार सत्येंद्र यादव सहित ससुराल के परिवार मेरी बहन को प्रताड़ित करने लगे। बेटा नहीं होने के कारण सत्येंद्र यादव ने 2015 में दूसरी शादी कर लिया। जिससे दो पुत्र पैदा हुआ।

**मृतिका के भाई ने बताया की बाद सत्येंद्र यादव और उसकी दूसरी पत्नी सभी ने मिलकर मेरी बहन को प्रताड़ित करना शुरु कर दिया। उसके साथ मारपीट भी किया करते थे। तीन दिन पहले जीजा ने हमें फोन पर बहन को जान से मारने की धमकी दिया था। इसके बाद सोमवार को मेरी बहन की गला दबाकर हत्या कर दी गयी।**

घटना के बाद परिवार के लोग घर छोड़कर फरार हो गए है। सत्येंद्र यादव के गांव के लोगों ने हम लोगों को सूचना दिया। तब पुलिस को सूचना देने के बाद हम लोग गांव पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया हैं। इस पूरे मामले पर थाना प्रभारी ने कहा कि लिखित आवेदन के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। हत्या कैसे हुई, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद में पता चल पाएगा।

संक्षिप्त समाचार

## शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल



केसरिया। पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से रविवार की देर शाम छापेमारी कर 22 लीटर चुलाई शराब बरामद किया है। साथ ही एक महिला समेत तीन शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। जबकि, दो अन्य शराब तस्कर भागने में सफल रहे। गिरफ्तार शराब तस्करों में दो लीटर के साथ डेरवा मठिया के दिनेश पासवान, दस लीटर के साथ सरस्वती कुंअर शामिल हैं। वहीं चांदपरसा के देवेंद्र सहनी को दो लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस दौरान चांदपरसा में एक शराब भट्ठी व करीब एक हजार लीटर अर्धनिर्मित शराब नष्ट की गई। वहीं शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण जब्त की गई। पुलिस निरीक्षक सह प्रभारी थानाध्यक्ष गौरी कुमारी ने बताया कि उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# धरना प्रदर्शन: चार साल की अग्निपथ योजना नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़

**मोतिहारी, संवाददाता**



कचहरी चौक पर सोमवार को अग्निपथ योजना के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने धरना-प्रदर्शन किया। धरनास्थल पर आयोजित सभा की अध्यक्षता पार्टी के नगर अध्यक्ष ओसैदुर्रहमान खान ने की। उन्होंने कहा के सरकार सिर्फ दो लोगों के बारे में ही सोच रही है।

उसे न तो जनता की फिक्र है और न ही युवाओं की। पार्टी जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार शुक्ल ने कहा कि भाजपा सरकार की सभी योजना का विरोध वही लोग कर रहें, जिनके लिए सरकार योजनाएं बना रही। चाहे वह किसान के लिए हो या नौजवान के लिए हो या फिर व्यापारियों के लिए हो । 4 साल के लिए भर्ती अग्निपथ योजना के तहत यह नौजवानों के भविष्य के साथ खेलना हुआ और कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करती है। पार्टी के जिला महासचिव राय राहुल शर्मा ने कहा कि जब युवा 4 साल से 5 साल की तैयारी करते हैं, तब जाकर कहीं उनका चयन भारतीय सेना मे होता है और 5 साल की तैयारी के बाद सिर्फ 4 साल की नौकरी।

यह न्याय नहीं, युवाओं को मात्र चार साल के लिए सेना में भर्ती करना उनका अपमान और अन्याय है और कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करती है। सभा को अनवर आलम अंसारी, बिट्टू यादव, डॉ. मनीष कुमार, रमेश सहनी, विश्वनाथ चौरसिया, उपेंद्र यादव आदि ने संबोधित किया। मौके पर विजय शंकर पांडेय, विजयकांत मणि त्रिपाठी, बच्ची पांडेय, घन्नजय तिवारी, डॉ शमीमूल हक, लोकेश चौधरी, नारद सहनी, तुफान सहनी, धर्मेंद्र राम, विरिंद्र सहनी, अशोक यादव, विंदा यादव, संजय यादव, अवधेश राम, रोहित सिंह, मो. इकराम, मुस्तफा आलम आदि उपस्थित थे।

## लापता एचएम का शव बूढ़ी गंडक नदी से हुआ बरामद



चकिया। चकिया थाना क्षेत्र स्थित बाराघाट पुल के समीप बुढी गंडक नदी से सोमवार की सुबह पुलिस ने एक शव बरामद किया। इससे पहले लोगों की नदी में उपलाने शव पर नजर पड़ी। इसके बाद लोगों ने सूचना पुलिस को दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए थाना ले आई। इसके बाद पहुंचे परिजनों ने मृतक की पहचान की। मृतक की पहचान तेतरिया प्रखंड के महुअवावृत मध्य विद्यालय के एचएम अमरनाथ झा उर्फ अंजनी झा (43 वर्ष) के रूप मे हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक अमरनाथ झा को रविवार को एक बाइक सवार के साथ घर से निकले थे। सोमवार को उनका शव बूढ़ी गंडक नदी में उपलाता मिला।

## इनरव्हील क्लब के कई सदस्यो को मिला आवार्ड




**मोतिहारी, संवाददाता**

325 इनरव्हील क्लब मोतिहारी लेक टाउन के कई सदस्यों को अवार्ड मिले है। इसकी जानकारी रंजीता गुप्ता मीडिया प्रभारी ने देते हुए आज यहां बताया है कि गत 25 जून को डिस्टिक 325 के वार्षिक अवॉर्ड सेरोमनी का आयोजन पटना में किया गया। इनरव्हील क्लब मोतिहारी को डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन पूनम ठाकुर एवं इंटरनेशनल मीडिया प्रभारी प्रभा रघुनंदन के द्वारा अनेकों अवार्ड प्राप्त हुए। इनरव्हील क्लब मोतिहारी द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में अनेक अच्छे कार्य करने के लिए यह अवार्ड डिस्टिक से प्राप्त हुए हैं।आवार्ड पाने वालो में मुख्य रूप से कुशल अध्यक्ष निशा देवा, सचिव कुमारी अमृता, कोषाध्यक्ष मीनू श्रीवास्तव, कुशल संपादक चन्द्र लता वर्मा, सीजीआर रंजीता गुप्ता के नाम शामिल है। चार्टर प्रेसिडेंट संगीता चित्रांश, वाइस प्रेसिडेंट राखीसाह,पीपी धीरा गुप्ता,पीपी रजनी कौशल, पीपी नूतन बाला, ने अपने सभी सदस्यों को इसके लिए शुभकामनाएं दी। इस अवॉर्ड सेरेमनी कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित मीरा सिंह, आबिदा समीम, दीपा गुप्ता, अलका सिन्हा, अंजू वर्मा, प्रियंका सिंह, चंदा वर्मा ने उपस्थित थी।

# पुलिस ने अभियान चलाकर विभिन्न थानों से 49 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कार्रवाई

**मोतिहारी, संवाददाता**



पुलिस कप्तान डॉ कुमार आशीष के निर्देश पर विगत दिनों चले अभियान में हरैया सहित कई थानों से कुल 49 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

अभियुक्तों में दो हत्या, पांच महिला प्रताड़ना, दो जुआ अधिनियम एवं तीन हत्या का प्रयास का मामला का आरोपी है। मुख्य गिरफ्तारियों में हरैया थाना से लौकेश कुमार पिता मंगल प्रसाद कुशवाहा ग्राम शिवपुर हरैया, मुग्रीम साह पिता रामनारायण साह ग्राम नौतन थाना कलमा बारा, नेपाल को हत्या, रामगढवा थाना से बच्चा पटेल पिता बांगुर पटेल, फूलमती देवी पति बच्चा पटेल, राकेश पटेल पिता यादव पटेल, निकी देवी पति राकेश पटेल सभी ग्राम सिंहासनी, अली हसन पिता नबुजान मियां ग्राम मुग्रीया टोला सभी थाना रामगढवा को महिला प्रताड़ना, अरेराज थाना से विनोद कुमार पिता स्व. कृष्णा प्रसाद, हर्षित कुमार पिता अशोक प्रसाद दोनों ग्राम मौर्या अरेराज थाना अरेराज, तुरकौलिया थाना से राजु कुमार पिता पारस राय ग्राम चिदगांव थाना तुरकौलिया को हत्या के प्रयास के कांड में गिरफ्तार किया गया है। साथ ही तुरकौलिया थाना से रामेश्वर सहनी पिता द्वारिका सहनी ग्राम टिकुलिया एवं मो. युसुफ पिता नजमुल्लाह मियां ग्राम सेमरा भोला टोला दोनों थाना तुरकौलिया को 4 बाइक, तास की पत्ती एवं 3200 रूपए के साथ गिरफ्तार कर जुआ अधिनियम अंतर्गत कार्रवाई की गई। अभियुक्तों में कुल 21 मद्यनिषेध कांड का अभियुक्त है। शराब के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस के तहत एंटी लीकर टास्क फोर्स द्वारा मधुबन, नगर, केसरिया, घोड़ासहन, संग्रामपुर एवं भेलाही थाना क्षेत्र अंतर्गत संयुक्त सघन छापामारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के उपरांत 169.895 लीटर विदेशी शराब, 606.2 लीटर देशी शराब एवं एक कार, तीन बाइक, तीन साइकिल, दो गैस सिलेंडर, 1 चुल्हा को जप्त किया गया है और 3280 लीटर अर्धनिर्मित देशी शराब को विनष्ट किया गया। इस सुनियोजित अभियान के तहत मद्यनिषेध अधिनियम की विभिन्न धारा अंतर्गत कुल 22 कांड दर्ज किए गए हैं। परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से 11,500 रूपए जुर्माना के रूप में वसूल किया गया है।

वारदात | मोतिहारी के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में फाइनेंस कर्मी से लूट

# हथियार के बल पर 1.09 लाख लूटे, पहचान में जुटी पुलिस

**मोतकहारी, संवाददाता**



मोतिहारी के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमला रोड़ में चंडी माई स्थान के समीप पिस्टल दिखा कर सोमवार को भारत फाइनेंस कंपनीके कर्मी से बाइक सवार बदमाशों ने हथियार के दम पर नकदी, बाइक व टैब सहित अन्य सामान लूट लिया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना के संबंध में फाइनेन्स कर्मी आदापुर थाना क्षेत्र के झीटकहिया निवासी धीरज कुमार ने मुफ्फसिल थाना में प्राथमिकी के लिए आवेदन देते हुए कहा है कि वह परमानंद कुमार के साथ जमला गांव से ग्रुप लोन का रुपए वसूलकर कर अपने बाइक से मोतिहारी ब्रांच में जमा करने जा रहा था, इसी बीच चंडी माई स्थान के समीप अपाची बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उसे घेर लिया। बाइक पर पीछे बैठा बदमाश पिस्टल तान कर गोली मारने की धमकी देते हुए बाइक लूट लिया, बाइक के डिग्गी में रखा 1.09 लाख रुपए, बाइक, टैब सहित अन्य सामान लूटकर बेतिया के तरफ फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल सहित अन्य जगहों पर लगे सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों को चिंहित करने में जुटी है।

मुफ्फसिल थानाध्यक्ष अवनिश कुमार ने बताया घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर मामले की तहकीकात की, वहीं आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान की जा रही है। फाइनेंस कर्मी के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है ।

## तीन वर्षीय बच्ची की पोखर में डूबने से मौत

**चिरैया, संवाददाता।** थाना क्षेत्र के महुआवा व बहुअरवा गांव के बीच स्थित पोखर में रविवार की रात एक बच्ची की डूबने से मौत हो गई। मृतक बच्ची की पहचान पश्चिम बंगाल के लक्ष्मण ठाकुर की तीन वर्षीय पुत्री रोहिणी कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मृतक बच्ची अपने मां व पिता के साथ गांव-गांव में घूमकर भीख मांगने का काम करती थी। रविवार को काफी रात हो जाने के कारण वह अपने माता- पिता के साथ उसी पोखर के पास ठहर गई थी। खेलते-खेलते वह पोखर में डुब गई और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, मोतिहारी भेज दिया है।

## विजय वत्स श्रीलंका में दिखाएंगे अपना जलवा

**समस्तीपुर, संवाददाता।** समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत बख्तियारपुर गांव निवासी किसान रंजीत कुमार के 27 वर्षीय पुत्र क्रिकेट खिलाड़ी विजय वत्स अपनी प्रतिभा का जलवा श्रीलंका में दिखाते नजर आएंगे। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने अपने घरेलू प्रथम श्रेणी मुकाबले के लिए विजय वत्स को आमंत्रित किया है, जिसके लिए वे कोलंबो रवाना हो चुके हैं। मीडिया प्रभारी प्रीतेश रंजन ने बताया कि श्रीलंकाई घरेलू क्रिकेट सत्र 2022-23 के प्रथम श्रेणी मुकाबलों में भाग लेने के लिए बीसीसीआई ने विजय वत्स को अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कर दिया है।

संक्षिप्त समाचार

### बयान दर्ज कराने ED ऑफिस पहुंची जैकलीन फर्नांडीज



मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज मनी लॉन्ड्रिंग केस में नाम आने से सुर्खियों में बनीं हुई हैं। हाल ही में उन्हें प्रवर्तन निदेशालय के दिल्ली ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया है। वो यहां जबरन वसूली मामले में अपने बयान दर्ज कराने पहुंची थीं। दरअसल, जैकलीन और सुकेश रिलेशनशिप में थे और कॉनमैन ने उन्हें कई मंहगे गिफ्ट दिए थे। तभी से जैकलीन ED की रडार में आईं थीं। इस मामले में जांच एजेंसी जैकलीन के अलावा एक्ट्रेस नोरा फतेही से भी पूछताछ कर चुकी है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्ट्रेस ने पूछताछ में बताया कि मैंने सुकेश से करोड़ो रुपए के गिफ्ट लिए थे। क्योंकि हम रिलेशनशिप में थे। सुकेश ने मुझे डायमंड रिंग देकर प्रपोज किया था। इस रिंग में J और S बना हुआ था। बता दें सुकेश ने एक्ट्रेस को

# छोटी-छोटी बातों को भी गंभीरता से लेते हुए त्वरित गति से करें निरोधात्मक कार्रवाई : पुलिस अधीक्षक

बेतिया, संवाददाता



जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि असामाजिक तत्वों द्वारा गड़बड़ी फैलाने के प्रयासों को लेकर सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी सजग और सतर्क रहें।

सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा दिये जा रहे दिशा-निर्देशों का त्वरित गति से शत-प्रतिशत अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निदेशित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि विधि-व्यवस्था संधारण जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है।

इसमें व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कठोर एवं कारगर कार्रवाई की की जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि लगातार फ्लैग मार्च किया जाय तथा आ-सूचना संग्रह के आधार पर सघन छापेमारी अभियान चलाना सुनिश्चित किया जाय।

उन्होंने कहा कि भारत बंद अथवा बिहार बंद के दौरान जिलास्तर पर मजिस्ट्रेट, पुलिस दंडाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स की प्रतिनियुक्ति की जाती है। साथ ही संवेदनशील स्थलों पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। वहीं साइबर सेल को एक्टिव रखा गया है, जो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर पैनी नजर बनाये हुए है।

उपद्रवियों पर सरकार की पैनी नजर है। किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि को कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, कठोर कार्रवाई की जायेगी।पुलिस अधीक्षक, बेतिया, उपेन्द्र नाथ वर्मा ने कहा कि उपद्रवियों से निपटने के लिए पुलिस अधिकारी हमेशा मुस्तैद रहें।

### खेत से निकले करोड़ों रुपए के 500 और 1000 के नोट

**पटना, संवाददाता।** सिगोड़ी थाने के पसौढ़ा गांव के बधार में एक खेत में नोटबंदी वाले 500 और 1000 रुपए के लाखों नोट मिले।

नोट चुनने की होड़ मच गई। खबर पुलिस को मिली तो वह तुरंत पहुंची। लेकिन तब तक सभी नोट वहां से लोग ले भागे थे। जानकारी के अनुसार, पसौढ़ा गांव के बधार में खेत की जुताई की जा रही थी। उसी दौरान एक प्लास्टिक के बोरे में 500 और 1000 के पुराने लाखों नोट मिले। यह खेत गांव के अजय सिंह का है। ट्रैक्टर से जुताई की जा रही थी। इस दौरान रुपयों से भरा बोरा हल में फंसने के बाद फट गया। इससे 500 और 1000 के पुराने नोट खेत में फैल गए।

## नीतीश सरकार की जाति आधारित गणना की तैयारी शुरू, जुलाई से गिनती चालू

पटना, संवाददाता

बिहार में नीतीश कुमार सरकार की घोषणा के मुताबिक जाति आधारित गणना की तैयारियां शुरू हो गई हैं। सभी जिलों में डीएम इसके नोडल अफसर बनाए गए हैं। जुलाई के अंत तक जातियों की गिनती चालू हो जाएगी। नीतीश कुमार सरकार की घोषणा के बाद बिहार में जाति आधारित गणना कराने की कवायद तेज हो गई है।

जाति गणना का काम जुलाई महीने में शुरू होने की संभावना है। सभी डीएम को जाति आधारित गणना का जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। राज्य सरकार की ओर से सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) को इस पूरी प्रक्रिया की सतत मॉनिटरिंग करने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। जाति आधारित गणना को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग में एक नया सेक्शन बनाया



गया है, जिसकी संख्या 28 है। इस सेक्शन-28 का गठन सिर्फ इसी कार्य का क्रियान्वयन सही तरीके से करने के लिए किया गया है। इसके अलावा विभाग में संयुक्त सचिव रैंक के पदाधिकारी की भी तैनाती की गई है। बिहार प्रशासनिक सेवा के एक पदाधिकारी को जाति गणना प्रक्रिया की सभी जिलों में देखरेख करने के लिए संयुक्त सचिव बनाया गया है।

सामान्य प्रशासन विभाग में इस नए 28 नंबर सेक्शन के लिए सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर समेत अन्य कर्मियों के करीब आधा दर्जन पद का सृजन किया जा रहा है।

## जिला बाल संरक्षण समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक, गंभीर विषयों पर की गई विशेष चर्चा

मोतिहारी, संवाददाता

जिला बाल संरक्षण समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक सोमवार जिला परिषद अध्यक्ष ममता राय की अध्यक्षता में डॉ राधाकृष्णन सभागार में की गई। बैठक में बाल संरक्षण के लिए मुख्यतः 20 एजेंडो पर विस्तृत रूप चर्चा की गई।

जिसमें चाइल्डलाईन, मोतिहारी की गतिविधियों की समीक्षा तथा उसके द्वारा बाल संरक्षण से संबंधित सेवाओं का बेहतर संचालन,जिले के सभी विद्यालय एवं सभी आवासीय विद्यालयों के बच्चों से जुड़े समस्या,18 वर्ष से कम उम्र के बालक/बालिकाओं को कारखानों/दुकानों तथा आरकेस्ट्रा में कार्य करने से रोकने,बाल श्रम में जुटे बच्चों को उनके परिवारों में वापस भेजने की प्रक्रिया,बच्चों के साथ



दुर्व्यवहार/हिंसा व शोषण,एन.जी.ओ.द्वारा संचालित बाल गृहों की देखभाल और किशोर न्याय परिषद् में बाल विवादित किशोरों से संबंधित लंबित मामलों,बाल कल्याण समिति में लंबित मामले,पर्यवेक्षण गृहभवन की मरम्मती,बच्चों के अन्य जिलों अथवा राज्यों में स्थानांतरण होने पर मार्गरक्षा के लिए पुलिस बल उपलब्ध कराने,पर्यवेक्षण गृह में गणित के शिक्षक की प्रतिनियुक्ति करने,चिकित्सा विभाग द्वारा बालगृहो में नियुक्त कर्मियों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण देने,बालसंस्थानों में डॉक्टर के द्वारा नियमित रूप से मेडिकल जांच करने,बालिका गृह में आपातकालीन मेडिकल व एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराने,बालिका गृह की सुरक्षा के लिए 1/4 का पुलिस बल की नियुक्ति एवं आंतरिक सुरक्षा गार्ड को अधीक्षिका या बालिका गृह के अनुशंसा पर ही बदले जाने,बच्चों की मृत्यु उपरांत पोस्टमार्टम में होने वाली कठिनाईयो।परवरिस एवं स्पॉन्सरशिप योजना के लाभुकों का संयुक्त खाता खोलने में उत्पन्न कठिनाईयो व परवरिस योजना के आवेदनों का बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं अनुमण्डल कार्यालय से ससमय अग्रसारण एवं स्वीकृति करने प्रखण्ड/पंचायत व वार्ड स्तर बाल संरक्षण समिति की गठन करने के साथ बालिका गृह के लिये नये भवन की समस्या पर जैसी विभिन्न मुद्दो की समीक्षा की गई।

**सुविधा** | बीएसएनएल ऑफिस के द्वितीय तल पर स्थानांतरित शाखा सोमवार से प्रारंभ

## LIC के सेटेलाइट ऑफिस की जगह में किया बदलाव

मोतिहारी, संवाददाता

शहर में एलआईसी की सीएलआई शाखा का स्थानांतरण हो गया है। पहले मिस्कॉट में था इसका ऑफिस। अब बीएसएनएल ऑफिस के द्वितीय तल पर स्थानांतरित शाखा सोमवार से प्रारंभ हो गई।

शाखा प्रबंधक विजय कुमार वर्मा ने कहा कि नया भवन स्टेशन से बगल में होने के कारण गांव के सुदूर इलाकों व चंपारण के प्रत्येक कोने से आने वाले बीमा धारकों तथा अभिकर्ताओं की सुविधा के अनुकूल स्थान पर है। जिस तरह चंपारण ने देश को सत्याग्रह के माध्यम से आजादी का मार्ग दिखाया, उसी तरह बीमा के क्षेत्र में प्रत्येक व्यक्ति के जीवन




व बचत को सुरक्षित करने की दिशा में चंपारण ने विगत वर्ष पूरे देश में शीर्षस्थ स्थान प्राप्त करते हुए देश को एक नई दिशा देने का कार्य किया। नए भवन में इस रिकॉर्ड को तोड़ते हुए आगे इससे भी बेहतरीन इतिहास का सृजन किया जाएगा।

इस मौके पर मुख्य बीमा सलाहकार प्रो. अमन कुमार चौधरी, आदित्य कुमार सिंह, मनोरंजन सिंह, मधुरेंद्र सिंह, दिलीप पांडे, अशोक विक्रम, बलराम प्रसाद, रमाकांत प्रसाद, मनोज कुमार श्रीवास्तव सहायक प्रशासनिक पदाधिकारी, परमेश्वर कुमार सुमन एवं प्रशासनिक पदाधिकारी मल्लिकजी आदि उपस्थित थे।

## छापेमारी के दौरान दो जुआरी धरे, पाँच बाइक जप्त, नकदी बरामद



**तुरकौलिया।** तुरकौलिया पुलिस ने जुआ खेलने के अड्डे और शराब बेचने के ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। इसी कड़ी में वेलवाराय सरेह में चल रहे जुआ के अड्डे पर छापेमारी किया गया है। जहां छापेमारी के दौरान 2 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है और इनके पास से पुलिस ने 32 सौ रुपया भी बरामद किया है। साथ ही मौके से पुलिस ने जुआरियों की 5 बाइक भी जप्त किया है। थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया गिरफ्तार जुआरियों की पहचान विजुलपुर टिकुलिया का रामेश्वर सहनी व सेमरा भोलाटोला का मोहम्मद यूसुफ के रूप में की गई है। मामले को लेकर जमादार उमेश गुप्ता ने स्वयं के बयान पर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। जहां उन्होंने बताया है कि गुप्त सूचना मिला था कि वेलवाराय सरेह के बगीचा में अवैध रूप से जुआ का अड्डा चल रहा है। सूचना पर छापेमारी की गई। जहां पुलिस जीप को देखते ही सभी भागने लगे। किसी तरह खदेड़कर रामेश्वर सहनी व मोहम्मद यूसुफ को पकड़ा गया। साथ ही जुआ के अड्डे से तास के पत्ते बिखरे बरामद हुई है।

BORDER NEWSMIRROR

Tuesday 28 June 2022

# Editorial

## गर्भपात पर हंगामा

अमेरिका में इधर दो बड़े फैसलों ने हड़कंप मचा रखा है। एक तो बंदूक रखने पर कुछ नई पाबंदियों और दूसरा गर्भपात पर प्रतिबंध के कारण। अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय के इन दोनों फैसलों को लेकर वहां कई प्रांतों में प्रदर्शन हो रहे हैं और उनका डटकर विरोध या समर्थन हो रहा है। बंदूक पर प्रतिबंधों का उतना विरोध नहीं हो रहा है, जितना गर्भपात पर प्रतिबंध का हो रहा है। 1973 में गर्भपात की अनुमति का जो फैसला अमेरिका सर्वोच्च न्यायालय ने दिया था, उसे सर्वोच्च न्यायालय ने उलट दिया है। 6 और 3 जजों की इस फैसले के पीछे पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नियुक्त रुढ़िवादी जजों का बहुमत में होना है। अब अमेरिका में जो भी राज्य रुढ़िवादी या रिपब्लिकन या ट्रंप-समर्थक हैं, वे इस कानून को तुरंत लागू कर देंगे। इसका नतीजा यह होगा कि महिलाओं को अपने शरीर के बारे में ही कोई मौलिक अधिकार नहीं होगा। लगभग एक दर्जन राज्यों ने गर्भपात पर प्रतिबंध की घोषणा कर दी है। कोई भी महिला 15 हफ्तों से ज्यादा के गर्भ को नहीं गिरवा सकती है। अदालत के इस फैसले को राष्ट्रपति जो बाइडन ने तो भयंकर बताया ही है, सारे अमेरिका में इसके विरुद्ध विक्षोभ फैल गया है। यूरोपीय राष्ट्रों के प्रमुख नेताओं ने इस फैसले की कड़ी निंदा की है। अमेरिका की नामी-गिरामी कंपनियों ने उनके यहां कार्यरत महिलाओं से कहा है कि वे गर्भपात के लिए जब भी किसी अन्य अमेरिकी राज्य में जाना चाहें, उन्हें उसकी पूर्ण सुविधाएं दी जाएंगी। अमेरिका के 13 राज्यों में गर्भपात की अनुमति आज भी है। अमेरिका में संघीय व्यवस्था है। इसीलिए उसके राज्य केंद्रीय कानून को मानने या न मानने के लिए स्वतंत्र हैं। लेकिन अमेरिका के कैथोलिक संप्रदाय के पादरी इस गर्भपात पर प्रतिबंध का स्वागत कर रहे हैं। वैसे भी आजकल यूरोप और अमेरिका में स्त्री-पुरुषों के बीच अवैध शारीरिक संबंधों का चलन इतना बढ़ गया है कि गर्भपात की सुविधा के बिना उनका जीना दूभर हो सकता है। इसके अलावा गर्भपात की सुविधा की मांग इसलिए भी बढ़ गई है कि चोरी-छिपे गर्भपात करवाने पर गर्भवती महिलाओं की मौत हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक आंकड़े के अनुसार हर साल 2.5 करोड़ असुरक्षित गर्भपात होते हैं, जिनमें 37,000 महिलाओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है। अब गर्भपात पर प्रतिबंध लगने से इस संख्या में वृद्धि ही होगी।

## शिक्षा में संस्कृत अनिवार्य करें

डॉ. वेदप्रताप वैदिक



गुजरात के शिक्षामंत्री से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुछ प्रमुख कार्यकर्ताओं ने अनुरोध किया है कि वे अपने प्रदेश में संस्कृत की अनिवार्य पढ़ाई शुरु करवाएं। यह मांग सिर्फ संघ के स्वयंसेवक ही क्यों कर रहे हैं और सिर्फ गुजरात के लिए ही क्यों कर रहे हैं? भारत के हर तर्कशील नागरिक को सारे भारत के लिए यह मांग करनी चाहिए, क्योंकि दुनिया में संस्कृत जैसी वैज्ञानिक, व्याकरणसम्मत और समृद्ध भाषा कोई और नहीं है। यह दुनिया की सबसे प्राचीन भाषा तो है ही, शब्द भंडार इतना बड़ा है कि उसके मुकाबले दुनिया की समस्त भाषाओं का संपूर्ण शब्द भंडार भी छोटा है। अमेरिकी संस्था 'नासा' के एक अनुमान के अनुसार संस्कृत चाहे तो 102 अरब से भी ज्यादा शब्दों का शब्दकोश जारी कर सकती है, क्योंकि उसकी धातुओं, लकार, कृदंत और पर्यायवाची शब्दों से लाखों नए शब्दों का निर्माण हो सकता है। संस्कृत की बड़ी खूबी यह भी है कि उसकी लिपि अत्यंत वैज्ञानिक और गणित के सूत्रों की तरह है। जैसा बोलना, वैसा लिखना और जैसा लिखना, वैसा बोलना। अंग्रेजी और फ्रेंच की तरह संस्कृत हवा में लट्ठ नहीं घुमाती है। 'नासा' ने अपने वैज्ञानिक अनुसंधानों और कंप्यूटर के लिए संस्कृत को सर्वश्रेष्ठ भाषा बताया है। संस्कृत सचमुच में विश्व भाषा है। इसने दर्जनों एशियाई और यूरोपीय भाषाओं को समृद्ध किया है। संस्कृत को किसी धर्म-विशेष से जोड़ना भी गलत है। संस्कृत जब प्रचलित हुई, तब पृथ्वी पर न तो हिंदू, न ईसाई और न ही इस्लाम धर्म का उदय हुआ था। संस्कृत भाषा किसी जाति-विशेष की जागीर नहीं है। क्या उपनिषदों का गाड़ीवान रैक्व ब्राह्मण था? संस्कृत को पढ़ने का अधिकार हर मनुष्य को है। औरंगजेब के भाई दाराशिकोह क्या हिंदू और ब्राह्मण थे? उन्होंने 50 उपनिषदों का संस्कृत से फारसी में अनुवाद 'सिर्रे अकबर' के नाम से किया था। अब्दुल रहीम खानखाना ने 'खटकौतुकम' नामक ग्रंथ संस्कृत में लिखा था। तेहरान विश्वविद्यालय में मेरे एक साथी प्रोफेसर कुरान-शरीफ का अनुवाद संस्कृत में करने लगे थे। कुछ ईसाई विद्वानों ने संस्कृत 'ख्रीस्त गीता' और 'ख्रीस्त भागवत' भी लिखी है। कुछ अंग्रेज विद्वानों ने अब से लगभग पौने 200 साल पहले बाइबिल का संस्कृत अनुवाद 'नूतनधर्मनियमस्य ग्रंथसंग्रहः' के नाम से प्रकाशित कर दिया था। लगभग 40 साल पहले पाकिस्तान में मुझे एक पुणे के मुसलमान विद्वान मिले। मैं उनके घर गया। वे मुझसे लगातार संस्कृत में ही बात करते रहे। भारत में पंडित गुलाम दस्तगीर और डॉ. हनीफ खान जैसे संस्कृत के विद्वानों से मेरी पत्नी डॉ. वेदवती का सतत संपर्क बना रहा। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की संस्कृत पंडिता डॉ. सलमा महफूज़ ने ही दाराशिकोह के 'सिर्रे अकबर' का हिंदी अनुवाद किया है। अभी भी मेरे कई परिचित मुसलमान मित्र विभिन्न विश्वविद्यालयों में संस्कृत के आचार्य हैं। इसीलिए मेरा निवेदन है कि संस्कृत को किसी मजहब या जाति की बपौती न बनाएं। जरूरी यह है कि भारत के बच्चों को संस्कृत, उनकी उनकी मातृभाषा और राष्ट्रभाषा हिंदी 11 वीं कक्षा तक अवश्य पढ़ाई जाए और फिर अगले तीन साल बीए में उन्हें छूट हो कि वे अंग्रेजी या अन्य कोई विदेशी भाषा पढ़ें। कोई भी विदेशी भाषा सीखने के लिए तीन साल बहुत होते हैं। उसके कारण हमारे बच्चों को संस्कृत के महान वरदान से वंचित क्यों किया जाए?

**(लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद के अध्यक्ष हैं।)**

*Today's* **Opinion**

## साइबर हमले से राष्ट्रीय सुरक्षा को बड़ा खतरा



**डॉ. अनिल कुमार निगम**

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश 'भारत' में साइबर अटैक का खतरा बढ़ गया है। पाकिस्तान, चीन और नार्थ कोरिया में बैठे हैकर्स भारत में साइबर अटैक करने की फिराक में रहते हैं। हैकर्स के निशाने पर भारत की यातायात व्यवस्था, परमाणु केंद्र, भारत की सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य, बीमा सेक्टर हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी हाल ही में 'साइबर सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा' पर आयोजित एक सम्मेलन में इस बात पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि भारत को जो देश सुरक्षित नहीं देखना चाहते, वे उस पर तरह तरह के साइबर हमले करते हैं और कुछ देशों ने तो साइबर सेनाएं भी बना ली हैं। देश का गृहमंत्री अगर किसी विषय पर इस तरह से चिंता जाहिर करे तो निस्संदेह यह चिंतन, मनन और मंथन का विषय है। कहने का आशय है कि भारत की आंतरिक राष्ट्रीय सुरक्षा पर साइबर हमला का खतरा मंडरा रहा है। इंटेलीजेंस ब्यूरो ने पिछले वर्ष अपनी थ्रेट इंटेलीजेंस रिपोर्ट में इस बात का जिक्र किया था कि पहली अक्टूबर से 31 अक्टूबर के बीच देश के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्थापित कंप्यूटरों को हैक करने का षडयंत्र किया गया था। आज यह साइबर हमला राष्ट्रीय सुरक्षा के लए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। आज इंटरनेट हमारे जीवन में रच-बस गया है। खासतौर से वैश्विक महामारी के आने के बाद तो यह मानव जीवन के लिए आधारभूत सेवा बन गया है। लेकिन यह भी सच है कि इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के कारण साइबर अटैक का खतरा बढ़ गया है। अथवा यह कहें कि इसने अटैकर्स के लिए उपभोक्ताओं पर साइबर अटैक करने का काम आसान कर दिया है। भारत इंटरनेट के मामले में विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। कुल आबादी का 41 फीसद लोग इंटरनेट का उपयोग करते हैं। डेटा और उपभोक्ताओं की संख्या की दृष्टि से इसमें दिन-प्रतिदिन विस्तार हो रहा है। इसके अलावा इसका इस्तेमाल रक्षा क्षेत्र से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर के हर क्षेत्र में होता है। जिस प्रकार एक क्षेत्र पर कब्जा करने के लिए लड़ाई लड़ी जाती है, उसी प्रकार डिजिटल दुनिया में नेटवर्क में घुसपैठ करने की बाबत साइबर अटैक का सहारा लिया जाता है। किसी सिस्टम और उसके डेटा पर नियंत्रण पाने के लिए हैकर्स अनैतिक साधनों का इस्तेमाल करते हैं। अटैकर्स कमजोर सिस्टम पर हमला करने और उस पर नियंत्रण करने के लिए मैलिसस कोड का सहारा लेते हैं। साइबर सिक्योरिटी पर अटैक अनेक प्रकार से किए जा सकते हैं। इसके लिए मॉलवेयर, फिशिंग अटैक, डिनायल ऑफ सर्विस, मैन इन द मिडिल के माध्यम से किया जा सकता है। इसको सिस्टम को हैक करने, क्रिप्टोकरेंसी के रूप में पैसे की मांग के लिए या फिर डार्क वेब पर डेटा बेचने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इस तरह के हमलों में संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण जानकारी जो उपयोगकर्ता के वेबसाइट पर उपलब्ध है, उसे बिना किसी वेबसाइट या यूज़र्स के ज्ञान के हाईजैक कर लिया जा सकता है। ऐसा होने से हमारी यातायात व्यवस्था भंग हो सकती है। बिजली ठप हो सकती है अथवा परमाणु केंद्रों को आतंकी अथवा हमलावर अपने अनुसार संचालित कर भारत की आंतरिक सुरक्षा में सेंध लगा सकते हैं। ध्यान रखने की बात है कि सिस्टम अथवा डेटा पर हमला कोई नई बात नहीं है। लेकिन वैश्विक महामारी कोरोना महामारी के बाद वर्क फ्रॉम होम के वर्क कल्चर के चलते दुनियाभर में साइबर हमलों का खतरा ज्यादा बढ़ गया है। एक आंकड़े के अनुसार, पिछले वर्ष जनवरी से जून तक के महीने इस दृष्टि से बहुत खराब रहे। इस अवधि में घरेलू भारतीय कंपनियों पर हर सप्ताह औसतन 1,738 साइबर हमले हुए। ये हमले दुनिया भर में होने वाले हमलों में से सबसे अधिक हैं। जबकि संपूर्ण विश्व में होने वाले हमलों का आंकड़ा महज 757 रहा। निस्संदेह, वर्क फ्रॉम होम की वजह से संपूर्ण विश्व में साइबर अटैक का खतरा बढ़ा है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796, प्रसार:-9470050309
ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# विधवा जीवन गुजारना जीवन की सबसे कठिन साधना : रामनाथ कोविंद



बीएनएम@मथुरा

मथुरा। कृष्णा कुटीर आश्रय सदन के दौरे के दौरान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दस माताओं को साड़ी उपहार पैक भेंट किए तथा कृष्णा कुटीर सदन में चल रहे प्रोजेक्टों का अवलोकन करते हुए उन्हें तीर्थयात्रा करवाने का भरोसा दिया। इस दौरान माताओं ने अपने हस्तनिर्मित पोशाक, अगरबत्ती, मोमबत्ती, अचार, पोशाक राष्ट्रपति को भेंट की। जिन्हें पाकर राष्ट्रपति ने माताओं से उनके मिल रहे प्रशिक्षण की जानकारी हासिल की। ठाकुर बांकेबिहारी जी के दर्शन कर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद काफी प्रसन्न नजर आए। उन्होंने कृष्णा कुटीर आश्रय सदन पहुंचे जहां उन्होंने निराश्रित माताओं का हाल जाना और जीवन के अंतिम पड़ाव पर अपनों की ठुकराई माताओं से मुलाकात कर उनके जीवन पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कृष्णा कुटीर सदन में चल रहे प्रोजेक्टों का अवलोकन किया तथा माताओं को बेहतर सुविधाएं मुहैय्या करवाने का भरोसा देने के साथ तीर्थयात्रा करवाने का भी भरोसा दिया। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा विधवा जीवन गुजारना जीवन की सबसे कठिन साधना है। जिस तरह से अपनों से दूर आश्रय सदनों में माताएं रह रही है उनकी साधना बेहद ही कठिन है। कई माताएं ऐसी हैं जो अल्पायु में ही विधवा हो गई थीं और सारा जीवन कष्टमय गुजारने को मजबूर होना पड़ा। सामाजिक कुरीति के चलते ऐसी स्थितियों में माताओं के हालात में सुधार के लिए समाज में कुछ परिवर्तन जरूरी है। 20 वर्ष अथवा इसके आसपास महिलाएं अगर विधवा होती हैं, तो उन्हें पुनः विवाह के जरिए एक बार फिर से अपनी जिंदगी संवारने का मौका मिलना चाहिए। ताकि वे विधवा के कष्टमय जीवन को जीने से बच सकें। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आश्रय सदनों में रह रही माताओं को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। सदन में रह रही माताओं को हर महीने पेंशन, पाकेट मनी मिल रही है। इसमें इजाफा होगा। इसके अलावा माताओं की सहूलित के लिए कृष्णा आश्रय सदन के सुधार को 1.55 करोड़ रुपए अवमुक्त किया गया है। इसके बाद हर प्रकार की अत्याधुनिक सुविधा माताओं को सदन में मिलेगी।

## NEWS IN BRIEF

### मेरठ में सिलेंडर फटने से दो मकान जमींदोज, कई लोग दबे

मेरठ। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के समर गार्डन में सोमवार दोपहर बाद सिलेंडर फटने से बड़ा हादसा हो गया। जोरदार धमाके में दो मकान जमींदोज हो गए। इसमें कई लोग दब गए हैं। पुलिस और फायर ब्रिगेड ने मौके पर राहत कार्य शुरु कर दिया है। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के समर गार्डन में 60 फुटा रोड पर सोमवार दोपहर बाद एक मकान में जोरदार धमाका हुआ। इस धमाके में घर में मौजूद सभी लोग मलबे में दब गए। इस मकान के बराबर का एक मकान भी गिर गया। विस्फोट की आवाज बहुत दूर तक सुनी गई। हादसे में लगभग 10 लोगों के मलबे में दबे होने की बात कही जा रही है। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। जेसीबी की मदद से पुलिस ने मलबा हटाने का कार्य शुरु किया। लोगों का कहना है कि गैस सिलेंडर फटने से यह भीषण हादसा हुआ। कुछ लोग अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट की बात कह रहे हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर राहत कार्य में जुटे हैं। लोगों की भीड़ को संभालने के लिए कई थानों की पुलिस फोर्स लगी हुई है।

### ट्रक से कुचलकर किसान की मौत

एटा। सोमवार को मंडी समिति में ट्रक के नीचे आकर बाइक सवार किसान की मौत हो गई। दुर्घटना में किसान का शरीर पिछले टायरों के बीच में फंस गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक को ऊपर उठवाकर किसी तरह शव को टुकड़ों के रुप में बाहर निकाला। हादसे से गुस्साए परिजनों ने आक्रोश व्यक्त किया और मुआवजे की मांग की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पेड़ पर लटका मिला किशोर-किशोरी का शव

बीएनएम@बस्ती

बस्ती। सोनहा थानाक्षेत्र इलाके में सोमवार को एक किशोरी और किशोर की लाश महुआ के पेड़ से फांसी के फंदे से लटकी मिली। मामले को पुलिस प्रेम प्रसंग से जोड़कर देख रही है। धोषण गांव का राम गोपाल चौरसिया रोज की तरह सोमवार अपने कुछ दोस्तों के साथ खैरा गांव के पोखरे पर घूमने गया था। वहां पहुंचते ही उनकी नजर पेड़ की डाल से दुपट्टे के सहारे लटक रहे किशोर व किशोरी के शवों पर पड़ी। लाल व सफेद रंग के दो दुपट्टों को आपस में बांधा गया था। एक सिरे से किशोर व दूसरे से किशोरी का शव लटका हुआ था। यह देख उनके द्वारा शोर मचाया गया तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गये। ग्रामीणों ने शव की पहचान राम गोपाल के भाई बृजलाल (17) व शाहिदा (16) के रुप में हुई।

# कानपुर : बाबा बिरयानी के छह खाद्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निरस्त, सील

बीएनएम@कानपुर

कानपुर। कानपुर हिंसा में साजिश रचने वाले बाबा बिरयानी के संचालक मुख्तार बाबा पर शासन व प्रशासन के साथ खाद्य विभाग ने शिकंजा कस दिया है। शहरभर बनी उनके छह प्रतिष्ठानों को सोमवार को लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं। इसके साथ ही सभी प्रतिष्ठानों को सील कर दिया गया है। यह जानकारी जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने दी। जिलाधिकारी ने बताया कि बाबा बिरयानी के मालिक मुख्तार बाबा की शहर के अलग अलग स्थानों पर विभिन्न नामों से नॉनवेज प्रतिष्ठान हैं। इन प्रतिष्ठानों में फूड के सैम्पल बीती आठ जून को लिए गए थे। आगरा से आई जांच में छह प्रतिष्ठानों से लिए खाद्य सैम्पल असुरक्षित आए हैं। सैम्पल फेल आने पर नियमानुसार बाबा बिरयानी के छह प्रतिष्ठानों के खाद्य लाइसेंस निरस्त करते हुए प्रतिष्ठानों को सील कर दिया गया है। यह कार्रवाई प्रशासनिक अफसरों व फूड विभाग की अफसरों द्वारा संयुक्त रुप से की गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि, इसी क्रम में आज 05 प्रतिष्ठानों से कुल 18 नमूने संग्रहीत किये गये हैं, जिन्हे विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अन्तर्गत आवश्यककार्यवाही संचालित की जाएगी।

# उपमुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में आम जन से सुनी समस्याएं

बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान प्रदेश के कोने-कोने से अपनी समस्याओं को लेकर आये जन सामान्य से स्वयं आवेदन प्राप्त किये, उनकी समस्याओं को सुना और त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हर सम्भव प्रयास करके समस्याओं का निराकरण कराया जायेगा। ताकि लोगों को बार-बार न दौड़ना पड़े। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आप लोग अपने क्षेत्र के अंतर्गत होने वाले समाधान दिवस में उपस्थित होकर अपना आवेदन देते हुए समस्या से अवगत कराएं। इससे आपको दूर तक नहीं दौड़ना पड़ेगा। आपकी समस्या का शीघ्रता के साथ नियमानुसार निस्तारण भी किया जायेगा। डिप्टी सीएम ने पत्रों का संज्ञान लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनका निर्धारित अवधि में निस्तारण करायें। किसी भी फरियादी को बेवजह परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि समस्या का निदान सही और पारदर्शिता के साथ हो। किसी प्रकार की कोई पुनः शिकायत प्राप्त होने की सम्भावना न रहे।



# विकास के क्षेत्र में पिछड़ता जा रहा यूपी- अखिलेश



बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को जारी अपने बयान में कहा है कि भाजपा राज में उत्तर प्रदेश विकास के हर क्षेत्र में पिछड़ता जा रहा है। इस योजना का मजाक बनाते हुए कुछ जिलों में अवैध खनन और वृक्षों के अवैध कटान का धंधा भी भाजपा ने चला रखा है। भय, भ्रष्टाचार और उत्पीड़न के रास्ते वह समाज को तबाह कर रही है। पिछड़ों, दलितों, बुनकरों और दस्तकारों की हालत सरकारी उपेक्षा के चलते दयनीय होती जा रही है। समाजवादी सरकार के समय प्रारम्भ 'एक जिला एक उत्पाद' योजना आर्थिक तंगी, कर्ज और भाजपा की सरकारी कुनीतियों के कारण प्रारम्भ होते ही समाप्त प्राय हो गई है। उन्होंने यह भी बताया कि समाजवादी सरकार ने जिलों के परम्परागत उत्पादों को बाजार में लाभप्रद मूल्य दिलाने और उसके कारीगरों की आर्थिक बेहतरी के लिए 'एक जिला, एक उत्पाद योजना' की शुरुआत की थी। समाजवादी सरकार में जिले के उत्पादों की बिक्री की बेहतर व्यवस्था की दृष्टि से लखनऊ में 'अवध शिल्प बाजार' की स्थापना भी की गई थी। समय-समय पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों और मुख्यतः राजधानी लखनऊ में होने वाले समारोह, उत्सवों में जिलों के उत्पादों की प्रस्तुति एवं विपणन पर विशेष ध्यान रखा जाता था। सपा सरकार के समय ही भदोही में कारपेट उद्योग को बढ़ावा दिया गया था। पावरलूम और हैण्डलूम के बुनकरों को विशेष सुविधाएं दी गई थी। पावरलूम बुनकरों को बिजली बिलों में विशेष छूट दी गई थी। कन्नौज में इत्र व्यवसाय को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए समाजवादी सरकार ने कई राहतें देने के साथ ही इत्र म्यूजियम बनाने की दिशा में भी कदम उठाए गए थे। भाजपा सरकार ने परम्परागत उद्योगों के कारीगरों को आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा देने के बजाय समाजवादी सरकार की योजना और जनपदीय कारीगरों की उपलब्धियों को अपनी बताकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली है। भाजपा सरकार के समय जिले के उद्योगों से जुड़े कारीगरों को 'एक जिला एक उत्पाद' योजना का लाभ तो मिलने से रहा, बिचौलियों की जरुर बन आई है।

# राजस्थान को सड़क मार्ग से अन्य राज्यों से जोड़ने का किया जा रहा कार्य : नितिन गडकरी



बीएनएम@जयपुर

जयपुर। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को वर्चुअल माध्यम से राजस्थान में 1357 करोड़ रुपये लागत की 243 किलोमीटर लंबाई की 9 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजस्थान का क्षेत्रफल बहुत बड़ा है। राजस्थान को अन्य राज्यों से सड़क मार्ग से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए केन्द्र सरकार लगातार प्रयासरत है। सड़क निर्माण से क्षेत्र के विकास के साथ-साथ युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने उम्मीद जताई कि प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग-168A पर सांचौर से निनावा खण्ड के चौड़ीकरण कार्य से जालौर जिले के ग्रेनाइट उद्योगों के व्यवसाय में वृद्धि होगी और किसानों के लिए सूरतगढ़ मंडी तक पहुंचना आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-911 पर श्रीगंगानगर से रायसिंह नगर तक और राष्ट्रीय राजमार्ग-62 पर सूरतगढ़ से श्रीगंगानगर सुदृढ़ीकरण के कार्य से सड़क के दोनों ओर अंतरराष्ट्रीय सीमा और सैन्य स्टेशन तक पहुंचना आसान हो जाएगा, जिससे भारत की रणनीतिक ताकत भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सूरतगढ़ शहर में 4-लेन फ्लाईओवर से सुरक्षित जाम मुक्त यातायात सुनिश्चित होगा। साथ ही अन्य परियोजनाओं से गुजरात और राजस्थान के पर्यटन स्थलों के बीच कनेक्टिविटी सुगम होगी। स्थानीय लोगों की आय बढ़ेगी। आरओबी के निर्माण से लेवल क्रॉसिंग के जाम से निजात मिलेगी। इन परियोजनाओं से ईंधन की बचत होगी, दुर्घटनाओं में कमी होगी, औद्योगिक, कृषि, परिवहन और पर्यटन क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा। सशस्त्र बलों को सीमा से बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, नए रोजगार का निर्माण होगा, जिससे राजस्थान प्रगति और खुशहाली की ओर आगे बढ़ेगा। समारोह के दौरान उन्होंने राजस्थान में आने वाले समय में 5 हजार करोड़ रुपये की लागत से 25 नए बाईपास बनाने की घोषणा की। इसके अलावा सेतुबंधन योजना के अंतर्गत राज्य मार्गों पर आरओबी के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही राजस्थान के लिए सीआरआईएफ में 900 करोड़ रुपये और सेतुबंधन योजना में 700 करोड़ रुपये के मंजूरी की घोषणा की।

## NEWS IN BRIEF

### महाराष्ट्र के बागी विधायकों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा के डिप्टी स्पीकर की ओर से विधायकों को जवाब देने के लिए तय किए गए समय को बढ़ाकर 12 जुलाई कर दिया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने 12 जुलाई की शाम साढ़े पांच बजे तक विधायकों की ओर जवाब दाखिल करने का समय दिया है। सुनवाई के दौरान एकनाथ शिंदे की ओर से वकील नीरज किशन कौल ने कहा कि डिप्टी स्पीकर को अयोग्यता के मामले पर विचार करने का क्षेत्राधिकार नहीं है, क्योंकि उनके खिलाफ उन्हें हटाने का प्रस्ताव लंबित है। पहले स्पीकर को यह साबित करना चाहिए कि विधायकों के बहुमत का समर्थन उनके साथ है। जिस स्पीकर को बहुमत का समर्थन हो, वह फ्लोर टेस्ट से क्यों डरेगा। कौल ने नबाम रेबिया के केस का उदाहरण दिया। इस पर शिवसेना विधायक दल के नेता अजय चौधरी की ओर से वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने आपत्ति जताते हुए कहा कि नबाम रेबिया केस का उदाहरण गलत तरीके से दिया जा रहा है। तब कोर्ट ने कहा कि हम पहले डिप्टी स्पीकर के वकील को सुनना चाहते हैं। तब डिप्टी स्पीकर के लिए पेश वकील राजीव धवन ने कहा कि पहले सिंघवी को बोलने दिया जाए।

एकनाथ शिंदे और भगत गोगावले ने याचिका दायर की है। याचिका में अजय चौधरी को शिवसेना विधायक दल का नेता बनाए जाने को भी चुनौती दी गई है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में बागी विधायकों ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व को चुनौती देते हुए कांग्रेस और एनसीपी के साथ गठबंधन पर आपत्ति जताई है।

## भारत और मलेशिया ने रक्षा सहयोग बढ़ाने का किया फैसला

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को अपने मलेशियाई समकक्ष हिशामुद्दीन तुन हुसैन के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये वार्ता की। इस दौरान भारत और मलेशिया ने आपसी रक्षा सहयोग बढ़ाने का फैसला किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मलेशिया के वरिष्ठ रक्षा मंत्री हिशामुद्दीन तुन हुसैन के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस की। बैठक के दौरान द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और रक्षा औद्योगिक सहयोग से संबंधित मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा की गई। दोनों मंत्रियों ने मौजूदा मलेशिया भारत रक्षा सहयोग बैठक (मिडकॉम) ढांचे के तहत मौजूदा रक्षा सहयोग गतिविधियों और ढांचे तथा उन्हें और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। अगला मिडकॉम जुलाई 2022 में आयोजित होने वाला है, और रक्षा में गहरी भागीदारी के लिए उपयोग करने का निर्णय लिया गया।

## प्रधानमंत्री से चर्चा कर राज्य में भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाएं उद्धव

बीएनएम@मुंबई

मुंबई। महाराष्ट्र में चल रहे सियासी बवाल के बीच सोमवार को शिंदे समूह ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को पत्र लिखकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिलकर सरकार बनाने का सुझाव दिया है। इस पत्र में शिंदे समूह की ओर से कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को छोटा भाई मानते हैं। उद्धव ठाकरे को प्रधानमंत्री से महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए बात करनी चाहिए। इस पत्र में बागी विधायकों के नेता एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाए जाने की भी पेशकश की गई है। अभी तक पत्र पर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की ओर से कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गई है। सोमवार दोपहर शिंदे समूह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। पत्र के बारे में खुलासा शिंदे समूह के प्रवक्ता दीपक केसरकर ने मीडिया के समक्ष किया। उन्होंने बताया कि शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे को बड़ा मन दिखाते हुए खुद एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री पद का तिलक लगाना चाहिए। इसके लिए मुख्यमंत्री उद्धव को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात कर भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी उद्धव को छोटा भाई मानते हैं। उनकी बात को प्रधानमंत्री नकार नहीं सकते। इसलिए उद्धव ठाकरे को एकनाथ शिंदे को राज्य का अगला

## सोनिया गांधी के निजी सचिव पर दुष्कर्म का आरोप




बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। द्वारका जिले के उत्तम नगर इलाके में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के निजी सचिव पीपी माधवन पर एक महिला ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। डीसीपी हर्षवर्धन ने उक्त मामले में कहा है कि मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला 26 जून को उत्तम नगर थाने में दर्ज किया गया। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि उसके पति कांग्रेस के कार्यक्रमों में होर्डिंग्स व पोस्टर लगाते थे। वर्ष 2018 से वह भी कांग्रेस के कार्यक्रमों में जाने लगी थी। इस दौरान वह कई बार पार्टी कार्यालय गई थी। महिला ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2020 में उसके पति की मौत के बाद उसकी आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई। मदद की आस में वह कांग्रेस दफ्तर गई तो वहां पर पीपी माधवन का नंबर किसी ने दिया। महिला ने पुलिस को बताया कि उसने पीपी माधवन से बात की और अपनी दयनीय स्थिति के बारे में बताया। इसके बाद उनसे बातचीत का सिलसिला चलता रहा। महिला के मुताबिक पीपी माधवन ने इस वर्ष 21 जनवरी को नौकरी के इंटरव्यू के लिए सुंदर नगर के एक मकान में बुलाया। वहां पर महिला के कागजात लेने के साथ ही उसके परिवार के बारे में माधवन ने पूछताछ की। महिला ने पुलिस को बताया कि माधवन ने अपनी पत्नी से तलाक होने की बात कहते हुए उससे शादी करने की इच्छा जाहिर की। उसने भी शादी के लिए हामी भर दी। इसके बाद वीडियो व ऑडियो काल से बात होने लगी। महिला ने पुलिस को बताया कि एक दिन उत्तम नगर में रात दस बजे मिलने के लिए माधवन ने बुलाया। महिला का आरोप है कि माधवन ने कार में उसे बिठा लिया और अपने ड्राइवर को वहां से जाने के लिए कहा। इसके बाद महिला के साथ गलत व्यवहार करने लगा। महिला ने विरोध किया तो गुस्से में वह चला गया। अगले दिन माधवन ने महिला को काल किया और माफी मांगी। इसके बाद पहले की तरह ही बात होने लगी। महिला ने आरोप लगाया कि एक दिन दोबारा आरोपित ने सुंदर नगर के एक फ्लैट पर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।

## अब मोहल्ला क्लीनिक में लगाई जाएगी कोरोना वैक्सीन

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। दिल्ली में कोरोना टीकाकरण अभियान को बढ़ावा देने और लोगों को सुलभता से एहतियाती खुराक मिल सकें, इसके लिए दिल्ली सरकार अपने 'आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक' में वैक्सीनेशन सेंटर शुरू करने जा रही है। जहां लोगों को मुफ्त में कोरोना वैक्सीन लगाई जाएगी। इसके लिए सभी मोहल्ला क्लीनिकों में वैक्सीनेशन सेंटर स्थापित किए जाएंगे। डोर-टू-डोर अभियान के बाद राजधानी में वैक्सीनेशन की गति को और बढ़ाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। वहीं, वर्तमान आंकड़ों के अनुसार, कोविड वैक्सीन की पहली खुराक, दूसरी खुराक और एहतियाती खुराक सहित दिल्ली भर में लोगों को 3.49 करोड़ टीके लगाए जा चुके है। इस पहल के बारे में बताते हुए उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि दिल्ली में हमने सभी पात्र लाभार्थियों के वैक्सीनेशन के लिए बहुआयामी रणनीति अपनाई है। दिल्ली में हमने 'मिशन मोड' में टीकाकरण अभियान चलाया है, अभी भी कुछ लोगों को दूसरी डोज और आबादी के एक बड़े हिस्से को कोरोना से बचाव के लिए नई जोड़ी गई एहतियाती खुराक देना बाकि है।



**Tuesday**
28 June 2022

BNM Fantasy



# जल्द माँ बनने वाली है आलिया भट्ट

फिल्म अभिनेत्री आलिया भट्ट और रणबीर कपूर जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। इसकी जानकारी आलिया भट्ट ने खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा कर इस बात का खुलासा किया है कि वह प्रेग्नेंट हैं। इस तस्वीर में रणबीर के साथ आलिया अस्पताल के बिस्तर पर लेटे हुए नजर आ रही हैं। लवबड्र्स स्क्रीन पर देख रहे हैं, जहां दिल बना हुआ है। इसके साथ ही आलिया ने एक और तस्वीर साझा की है ,जिसमें एक शेर और एक शेरनी अपने शावक के साथ नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों को साझा करते हुए अभिनेत्री ने लिखा, 'हमारा बच्चा... जल्द आ रहा है।'

---

# व

*वाणी कपूर ने अपने नचनिया के रोल को बताया 'शमशेरा' की अहम कड़ी*

रणबीर कपूर और वाणी कपूर की आगामी फिल्म 'शमशेरा' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के जरिए वाणी पहली बार रणबीर कपूर के साथ स्क्रीन साझा कर रही हैं। इसे लेकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है। हाल ही में एक बातचीत के दौरान वाणी ने रणबीर कपूर की तारीफों के खूब पुल बांधे हैं। साथ ही उन्होंने फिल्म में अपने किरदार की खूबियां भी गिनवाई हैं। बता दें कि यश राज फिल्म्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म में वाणी, सोना नाम की एक डांसर का रोल निभा रही हैं। वाणी कपूर ने अपने रोल पर बात करते हुए कहा, 'मैंने हमेशा ऐसी भूमिकाएं चुनी हैं, जहां मेरा किरदार एक निश्चित दिशा में स्क्रिप्ट को आगे बढ़ाता है और 'शमशेरा' में भी ऐसा ही है। सोना इस फिल्म की कहानी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस किरदार के लिए मुझे मौका देने के लिए मैं करण मल्होत्रा की शुक्रगुजार हूं। उन्होंने इस फिल्म में सोना के किरदार को जीवंत बनाने के लिए मेरा मार्गदर्शन किया और हर कदम पर मेरा साथ दिया है।' वाणी ने अपने रोल के बारे में कहा कि सोना के पास दृढ़ इच्छा शक्ति है। वह कॉन्फिडेंट है, फिर भी उसकी कुछ अपनी भावनात्मक कमजोरियां हैं। वाणी ने कहा, 'अब तक मैंने स्क्रीन पर जितने किरदार अदा किए हैं, यह उनमें से बेस्ट है। सबसे खास बात है कि मैं इस फिल्म में प्रतिभा के पावरहाउस रणबीर कपूर के साथ नजर आऊंगी। वह बेहद खास कलाकार हैं और मेरे तो पर्सनल फेवरेट हैं।'



---

# कैंसर सर्जरी के बाद छवि मित्तल ने बयां किया दर्द

***बोलीं- 'लड़ते-लड़ते थक गई हूं'***



छवि मित्तल ने कुछ महीने पहले ही खुलासा किया था कि वह ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित हैं। लेकिन अब छवि ने कैंसर की जंग जीत ली है और वह धीरे-धीरे ठीक हो रही हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और छवि ने अपने मुश्किल समय की हर एक बात को लोगों के साथ साझा भी किया था। वह अस्पताल से अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर कर रही थीं और अब जब छवि की सर्जरी को पूरे दो महीने हो गए हैं। इस मौके पर अभिनेत्री ने एक तस्वीर शेयर की, जिसके साथ छवि ने एक लंबा चौड़ा कैप्शन दिया है। छवि ने इस पोस्ट में अपने बुरे दिनों को याद किया है और बताया है कि सिर्फ एक कैंसर सर्वाइवर ही उनके दर्द और संघर्ष को समझ सकता है। अभिनेत्री ने लिखा, 'कई बार मुझे लगता है कि कितना अच्छा होता अगर लोग आपका चेहरा देखकर ही समझ जाते कि आप ठीक नहीं हैं। लेकिन रियल लाइफ में ऐसा बहुत कम होता है। एक पार्टनर ही आपके पैरों के छालों के दर्द के बारे में जान सकता है। एक प्रेमी ही आपके दिल में छिपे दर्द को महसूस कर सकता है और एक योद्धा ही जान सकता है कि वो हर दिन, हर पल किस संघर्ष से गुजरता है।' छवि ने आगे ये भी लिखा, 'मेरी सर्जरी को दो महीने पूरे हो चुके हैं और पिछले कुछ दिनों में एक मां की तरह, गर्भवती होने के कारण, बेहतर महसूस करने के [illegible] चीजों [illegible] में [illegible] के लिए अधीर हो रही है, जो मैं पहले करती थी। अंदर से स्माइल करने में सक्षम होने के लिए, दिल से मुस्कुराने के लिए और यह समझाने के लिए थक गई हूं कि मेरा शरीर क्या कर सकता है और क्या नहीं। लड़ते-लड़ते थक गई हूं। लेकिन कुछ ऐसी लड़ाइयां भी होती हैं, जिन्हें अकेले लड़ना पड़ता है।' गौरतलब है कि छवि मित्तल जब अस्पताल में चेस्ट पर लगी चोट का इलाज करवाने गई थीं तब उन्हें कैंसर के बारे में पता चला था। इसके बाद अभिनेत्री का तुरंत इलाज करवाया गया। लेकिन अपने इलाज के दिनों में छवि ने अपने पॉजिटिव एटीट्यूड से हर किसी को हैरान कर दिया। उनका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें वह अस्पताल में डांस करती दिखी थीं। फैंस ने छवि के हौसले की खूब तारीफ की थी।

ISO 9001 : 2015

# हर्ष हॉस्पीटल

HH

बनकट, N.H.28A Hyundai
शो-रूम के नजदीक, मोतिहारी






24/7 DIALYSIS

ICU



ISO 9001:2015

## HARSH HOSPITAL

**Dr. Manish Kumar (Director)**
M.B.B.S., D.A. (BNMU)

## Dr. Manish Kumar

**Director** Cum
Vice President Congress
Bihar State Committee
(Medical Cell)

24/7
आपातकालीन सेवा
Mob.: 9905266498, 9939297978
Email: harshhospitalmth@gmail.com

**(1) ANASTHESIA AND CRITICAL CARE**
Dr. MANISH KUMAR
MBBS BA (KMC BIHAR)
Dr. RAKESH KUMAR
MBBS, MD (PMCH)

**(2) GENERAL SURGERY & LAPROSCOPY**
Dr. AMIT KUMAR
MBBS (DNB SURGERY)

**(3) UROLOGY**
Dr. AMIT KUMAR
MBBS (DNB SURGERY)

**(4) GYNAE & O.B.S.**
Dr. SANGEETA SINGH
(MBBS, MS)
Dr. RASMI SHREE
(MBBS, DNB)

**(5) ORTHOPEDICS**
Dr. KUMAR SAURABH
(MBBS, MS)
Dr. SANJEEV KUMAR
(MBBS, DIO)

**(6) NEURO SURGERY**
Dr. PRADEEP KUMAR
(MBBS, MS, MCH) SUNDAY

**(7) MEDICINE DEPARTMENT**
Dr. ASHUTOSH KUMAR
(MBBS, MD)
Dr. SUMIT KUMAR
(MBBS, MD)

**(8) PEDIATRIC DEPARTMENT**
Dr. PANKAJ KUMAR
(MBBS, MD)
Dr. SUMIT KUMAR
(MBBS, MD)
Dr. FIROJ ALAM
(MBBS, DCH)

**(9) DENTAL**
Dr. RAVI RANJAN SINGH
(BDS)
Dr. JAYDEEP KUMAR
(BDS)
Dr. GAURAV KUMAR
(BDS, MDS)

**(10) GASTROENTEROLOGY**
Dr. RAJ KUMAR DEEPAK
(MBBS, MD)

**(11) NEURO PSYCHIATRIC**
Dr. HEMANT KUMAR
MBBS, MD (BHU)

**(12) ENT**
Dr. RISHANK KISHOR
(MBBS, MS)
Dr. MADHUR KR. VERMA
(MBBS, MS)

**(13) OPTHALMOLOGY**
Dr. NARAYAN KUMAR
(MBBS, MS)
Dr. SABIT HASSAN
(MBBS, MS)

**(14) DERMATOLOGY**
Dr. JAMAL AKHTAR
MBBS, MD, (PMCH)

**(15) PHYSIOTHERAPY**
Dr. ANAND KUMAR
BPT, MPT
Dr. RAHUL KR. MISHRA
BPT
Dr. NADEEM ZAFAR
BPT, MPT